प्रभात
छिपाएंगे नहीं, छापेंगे
सुभारती
facebook-Subharti Tv Twitter-Subharti Tv
www.subhartimedia.com | लखनऊ, मंगलवार, 05 मार्च 2019, मूल्य : 2.00, पृष्ठ : 12 | उत्तर प्रदेश–उत्तराखंड से प्रकाशित | अमित शाह के दावे से राजनीति गरम | पेज-12

उच्च स्तरीय शोधकार्यों की प्रगति बताई

एसएमएस कालेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन

लखनऊ। प्रभात

स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साईसेज, लखनऊ के परिसर में दिनांक 2 एवं 3 मार्च को 'विकासशील अर्थव्यवस्था से विकसित अर्थव्यवस्था में परिवर्तन' विषयक दो दिवसीय नवें राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारम्भ किया गया। सम्मेलन में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों से आये हुए प्रतिभागियों द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गये। इस राष्ट्रीय सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत शोधकर्ता, शिक्षक एवं विद्यार्थियों को एक मंच प्रदान करना है, जिससे वे आपस में अपने विचारों को व्यक्त कर सकें एवं सूचनाओं का आदान-प्रदान कर सकें।

संस्थान के निदेशक प्रो0 मनोज मेहरोत्रा ने संस्थान द्वारा शैक्षिक योगदान एवं सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी। उन्होंने प्रमुख रूप से संस्थान द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किये गये महत्वपूर्ण कार्यो तथा प्राप्त पुरस्कारों के बारे में भी जानकारी दी गयी। संस्थान के महानिदेशक (तकनीकी) प्रो0 बी0आर0 सिंह ने संस्थान की उपलब्धियों से अवगत कराते हुए उच्च स्तरीय शोधकार्यों की प्रगति पर प्रकाश डाला गया। राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि गजेन्द्र चन्देल, प्रेसीडेन्ट-एचआर, टाटा मोटर्स लि0 के द्वारा किया गया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि छात्रों को हमेशा तकनीकी उपयोगिता कि सम्भावनाओं तथा उसका आम लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़े, इस पर विचार करना चाहिए एवं देश को समृद्ध बनाने में अपना योगदान प्रदान करना चाहिये। दूसरे दिन के मुख्य अतिथि आलोक रंजन, आई.ए.एस. (से0नि0) ने सकल घरेलू उत्पाद के विषय पर बोलते हुए आर्थिक विकास को बढ़ाने के कई सुझाव दिये। मुख्य अतिथि ने भारत सरकार द्वारा किये जा रहे विभिन्न क्षेत्रों में विकास पर प्रकाश डाला गया एवं भारत को तकनीकी क्षेत्र में उभरते हुए देश की छवि बना रहा है।